[17/3/2020]

प्रश्न सं. [क्र. 763]

(परिशिष्ट-अ)

विधानसभा बजट सत्र–2020
तारांकित प्रश्न कमांक–763
मान0 विधायक डॉ0 अशोक मर्सकोले

पूरक–जानकारी

विसबल की विभिन्न वाहिनियों में कुछ कर्मचारी 10 वर्ष से अधिक समय से एक ही इकाई में पदस्थ हैं। विशेष सशस्त्र बल का गठन रिजर्व बल के रूप में किया गया है। जवानों की मूल इकाई वाहिनी होती है, तत्पश्चात् वाहिनी से उनकी पदस्थापना कंपनी में की जाती है। कानून व्यपस्था बनाये रखने के लिए विसबल की कंपनी भिन्न–भिन्न जिलों में तैनात रहती हैं। विसबल में कर्मचारी विभिन्न कंपनियों में कार्यरत होते हैं न कि इकाई मुख्यालय पर। कंपनियां किसी एक स्थान पर 10 वर्ष तक लगातार नहीं रहतीं हैं। विसबल की कंपनियां कानून व्यवस्था ड्यूटी हेतु मुख्यालय से बाहर पदस्थ रहतीं हैं, जिनका रोटेशन सामान्यतः 01 वर्ष में होता है। वाहिनी मुख्यालय में 45 दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स पश्चात पुनः दूसरे जिलों में तैनात कंपनी की बदली की जाती है, जिससे एक ही शहर में 10 वर्षों से अधिक रहने का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता।

6/3/2020

अनुभाग अधिकारी
गृह (पुलिस) विभाग
(बी–4)
मंत्रालय, भोपाल